जीएसटी घटने के बाद भी जनता को कीमत में नहीं मिल रही राहत

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। 22 सितंबर से जीएसटी में हुए बदलाव लागू हुए। इसके बाद लोगों को राहत मिलनी थी। लकिन पांच से पचास रूपये के बीच की कीमत वाले विभिन्न पैकेट्स पर इस छूटका असर बाजार में नहीं है क्योंकि इन सभी पैकेट्स पुरानी रेट के हैं और उन पर एमआरपी ही लिखी हुई है। दुकानदार एमआरपी पर ही इन्हें बेच रहे हैं। ऐसे में ग्राहकों को राहत नहीं मिल रही है। यदि कोई ग्राहक जीएसटी छूट की बात कह भी दे तो पूरा मामला खुल्ले पैसों पर आ जाता है।

पैसों में हो रही छोटे पैकेट्स पर बचत पैसों से हो रही है, और बाजार में पैसे अब चलन में नहीं है। ऐसे में लोगों को मन मारकर पूरी एमआरपी देना पड़ती है। मतलब दो दशक में मिलने वाला पारले जी बिस्टिक का छोटा पैक अब 4.47 रूपये का हो गया है। अब दिक्कत ये है कि दुकानदार आपको बाकी के 53 पैसे लौटाए कैसे। यही हाल दूसरे प्रोडक्टस का है। अब सवाल यह है कि इसका हल कैसे निकलेगा पारले जी बिस्किट का पांच रूपये का पैकेट अब 4.77 रूपये का है अब 33 पैसे ग्राहक को कैसे मिलें। बॉर्नबिटा का 30 रूपये का पैकेट अब 26 रूपये 69 पैसे का है, यहां 26 रूपये का तो भुगतान हो सकता है लेकिन न तो 69 पैसे उपभोक्ता के पास होंगे और न ही 27 रूपये लेने के बाद 31 पैसे लौटाने के लिए दुकानदार के पास। फाइव स्टार जैसी चाकलेट्स 20 से घटकर 17 रूपये 80 पैसे में मिल रह ही हैं।

ऐसे में यहां भी खुल्ले पैसे की समस्या होगी। कंपनियां नए पैक कैसे करेगी अभी तक यह साफ नहीं अभी तो बाजार में पुराना स्टॉक चल रहा है। लेकिन कंपनियां अपने नए स्टॉक को किस तरह से भेजेगी, अभी तक साफनहीं है। सरकार की भी कोई स्पष्ट नीति नहीं है। कंपनियां एमआरपी तो राउंड फिगर में रखेगी। ऐसे में वे पैकेट में वजन या मात्रा बढ़ाएगी या अन्य कोई उपाय करेंगी।

ऐसे में लोगों के मन मे सवाल है कि नया स्टॉक आने पर उन्हें फायदा मिलेगा या नहीं। सीए ने बताया अभी बाजार में पुराना स्टॉक पर तो जीएसटी की छूट मिलना शुरू हो गई है। यहां पर यदि कोई एक साथ समापन खरीद रहा है तो उसे अच्छी बचत हो रही है लेकिन ऐसे मॉल या स्टोर में हर कोई नहीं जाता। गली मोहल्ले से लेकर बाजार की दुकानों से ही लोग सामान खरीदते हैं वहां पर नए स्टॉक के आने तक दुकानदार ही फायदा उठाएंगे, आम उपभोक्ता को राहत नहीं मिलेगी। ऐसे में असर यह होगा कि लोग इन दुकानों से सामान खरीदने की जगह माल या रिटेल स्टोर से खरीदेंगे। एक बार ग्राहक यदि दूसरी जगह चला गया तो फिर छोटे दुकानदारों को परेशानी आएगी।

हर आदमी के पास नहीं सुविधा

टॉपी, शैंपू और चिप्स के पैकेट भी पांच से 20, 30 व 50 रूपये के बीच में आ रहे हैं। दो रूपये वाला शैंपू अब 3 रूपये 77 पैसे का हो गया और 1 रूपये की टॉपी 88 पैसे की। जीएसटी कम होने से चीजें थोडी, सस्ती हुई, ग्राहक को राहत नहीं मिल रही है। अब सवाल है कि बाकी के पैसे का क्या होगा। ये बचत है या सिरदर्द। अब लेनदेन कैसे होगा। इसका उपाय यूपीआई या ई वालेट से भुगतान कर हो सकता है। लेकिन नगद में नहीं हो सकता। हर व्यक्ति ई वॉलेट या यूपीआई से इतनी छोटी रकम का भुगतान भी नहीं करता।

पुलिस ने छात्राओं को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। बढ़ते साइबर अपराधों से युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पन्ना में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनहर हायर सेकेंडरी स्कूल से आई हुई छात्राओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियाँ दी गईं।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बताया गया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय छोटी-छोटी सावधानियाँ अपनाकर बड़े साइबर अपराधों से बचा जा सकता है।

साइबर विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को निम्न महत्वपूर्ण सुरक्षा टिप्स बताए गए। सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति को मित्र न बनाएं एवं अज्ञात व्यक्ति की रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। किसी भी अजनबी व्यक्ति को अपना व्यक्तिगत डेटा, फोटो या मोबाइल नंबर साझा न करें। अपने व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे अकाउंट्स को पासवर्ड लॉक करके रखें। केवल अधिकृत वेबसाइटों से ही ऑनलाइन शॉपिंग करें।

डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड से सतर्क रहें। किसी अनजान लिंक या संदिग्ध मैसेज पर क्लिक न करें। फेक क्रेडिट या बैंक मैसेज को हमेशा सत्यापित करें। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं ने साइबर सुरक्षा शपथ ली और यह संकल्प लिया कि वे स्वयं सुरक्षित रहकर दूसरों को भी जागरूक करेंगी। इस जागरूकता कार्यक्रम में साइबर एक्सपर्ट राहुल सिंह बघेल एवं आशीष अवस्थी द्वारा छात्राओं को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से साइबर अपराधों की रोकथाम के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में मनहर स्कूल की शिक्षिका भावना बिंदुआ विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

मतदाताओं के संबंध में अविलंब प्रस्तुत करें जानकारी

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे ने म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को एक ही गृह क्रमांक में 11 व उससे अधिक दर्ज मतदाताओं के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर अविलंब प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।

बताया गया है कि आयोग द्वारा मतदाता सूची के पुनरीक्षण के तहत जारी कार्यक्रम अनुसार आगामी 17 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति की समयावधि में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित या शिफ्ट भी होना हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि निर्धारित प्रपत्र पर सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से दो दिवस में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ गूगल शीट में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए भी कहा गया है।

महिला डॉक्टर, पुलिस की कमी बढ़ा रही पीड़ितों का दर्द

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। शाहनगर क्षेत्र में महिला चिकित्सक और महिला पुलिस अधिकारी की पदस्थापना नहीं होना पीड़िताओं के दर्द को बढ़ा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला डॉक्टर नहीं है। इसी तरह पुलिस थाने में महिला पुलिस अधिकारी नहीं है। इससे पीड़िताओं और उनके परिजनों की तकलीफको बढ़ा रही है।

एक ऐसा ही मामला विगत अगस्त माह मे प्रकाश मे आया था जिसमें 20 अगस्त को दोपहर 2 बजे बलात्कार पीड़ित महिला पुलिस थाना शाहनगर शिकायत दर्ज कराने पहुंची। महिला पुलिस अधिकारी नहीं होने के कारण अपराध कायम नहीं हो सका। उसको पहले थाना पवई और वहां से पुलिस चौकी मोहद्रा भेजा गया। जहां पर घंटो इंतजार करने के बाद रात 10 बजे अपराध कायम किया गया।

पीड़िता को घर से 90 किमी. भटकना पड़ा। मामला दर्ज होने के बाद महिला चिकित्सक नहीं होने से मेडिकल परीक्षण नहीं हो पा रहा था।

पीड़िता को एमएलसी के लिए मोहद्रा से पन्ना भेजा गया। मोहन्द्रा से पन्ना 70 किमी का सफर तय करने के बाद पन्ना पहुंची । रात के वक्त महिला डॉक्टर नहीं होने कारण दूसरे दिन दोपहर 12 बजे महिला का परीक्षण हो पाया।

सरकारी अस्पतालों में महिला डॉक्टर नहीं

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर अंतर्गत 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगपुर, सिहारान, रैपुरा, बोरी आते हैं। इनमें महिला डॉक्टर नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई सहित आसपास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदुआ, मोहद्रा, सुनवानी, सिमारिया में भी महिला डॉक्टर नहीं है। इसेस आए दिन समस्या हो रही हैं।

लाड़ली बहनों को रविवार को मिलेगी 29वीं किस्त

पन्ना 11 अक्टूबर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार, 12 अक्टूबर को श्योपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में 29वीं किस्त की राशि का अंतरण करेंगे। इस अवसर पर स्वसहायता समूह की महिलाओं को सीसीएल राशि का चेक भी सौंपा जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री दुधारू गाय प्रतियोगिता पुरस्कार योजना, नि:शुल्क उपचार योजना, मुख्यमंत्री कल्याण विवाह सहायता योजना, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा।

नोडल संस्था के चयन के लिए भेजें प्रस्ताव

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। समग्र आपदा प्रबंधन में स्वयंसेवी संस्थाओं का सशक्तिकरण नामक परियोजना के लिए जिले में नोडल संस्था का नामांकन एवं चयन किया जाना है। आपदा प्रबंधन संस्थान द्वारा सभी जिलों में विद्यमान आपदा जोखिम क्षेत्र और न्यूनीकरण में विभिन्न हितधारकों की भूमिकाओं के दृष्टिगत समग्र आपदा प्रबंधन में स्वयंसेवी संस्थाओं का सशक्तिकरण नामक परियोजना की शुरूआत की गई है।

परियोजना अंतर्गत चयनित किए जाने वाले 60 ग्राम और वार्डों में समुदाय स्तर पर की जाने वाली आपदा प्रबंधन संबंधी गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर आपदा क्षेत्र में अनुभव रखने वाली किसी एक स्थानीय स्वयंसेवी संस्था को नोडल संस्था के रूप में नामांकित किया जाएगा, जिससे समुदाय स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों का बेहतर क्रियान्वयन किया जा सके। जिला कलेक्टर द्वारा उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग सहित सभी नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायत सीईओ को नोडल संस्था के चयन के लिए अविलंब प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वयंसेवी संस्थाओं के चयन के नियम:- संस्था का पंजीयन मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के अंतर्गत होना चाहिए। इसके अलावा संस्था को पन्ना जिले में कार्य करने का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव तथा जिला व स्थानीय स्तर पर सामुदायिक कार्यक्रम के आयोजन का अनुभव होना आवश्यक है। स्वयंसेवी संस्था का विगत पांच वर्ष के वार्षिक लेखे के किन्हीं तीन वर्ष का वार्षिक टर्नओवर कम से कम दस लाख रूपए होना जरूरी है।

आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में तीन वर्ष तक उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था का चयन किया जाएगा। नामांकित नोडल संस्था द्वारा चयनित ग्राम व वार्डों में समुदाय आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके लिए अनुदान राशि भी मिलेगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए जांच कमेटी का गठन होगा। इसमें जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला पुलिस विभाग तथा आपदा प्रबंध संस्थान के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

राष्ट्रीय वेबिनार में भारतीय ज्ञान परंपरा, विविध संदर्भ विषय पर हुआ गहन विमर्श

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा विविध संदर्भ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी द्वारा मां वीणा वादिनी सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

उन्होंने अपने स्वागतीय उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारे सांस्कृतिक जीवन की आत्मा है। यह परंपरा केवल शास्त्रों में सीमित नहीं, बल्कि हमारे आचरण, नैतिकता और दृष्टिकोण में समाई हुई है। ऐसे आयोजन हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और नई पीढ़ी को उस दिशा में प्रेरित करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस वेबिनार की मुख्य अतिथि महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर की कुलगुरु प्रोफेसर शुभा तिवारी रहीं।कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, सागर संभाग डॉ. नीरज दुबे ने अपने प्रारंभिक उद्बोधन में कहा भारतीय ज्ञान परंपरा की मूल भावना 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' में निहित है। शिक्षा केवल सूचना नहीं, बल्कि संस्कार और संवेदना का संचार है। इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन शिक्षकों और विद्यार्थियों के बौद्धिक क्षितिज को व्यापक बनाते हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नंद कुमार पटेल ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा भारतीय ज्ञान परंपरा मानव जीवन के हर क्षेत्र में मार्गदर्शक रही है। चाहे वह शिक्षा हो, चिकित्सा, पर्यावरण, कला या अर्थशास्त्र। इसकी प्रासंगिकता आज भी उतनी ही जीवंत है जितनी सदियों पूर्व थी। इस वेबिनार की मुख्य वक्ता एच.एन.बी. एम.एम.टी.टी.सी., उत्तराखंड से प्रोफेसर इंदु पांडेय ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में निहित मानववादी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में ज्ञान का अर्थ केवल जानकारी नहीं, बल्कि आत्मबोध है। गुरुकुल प्रणाली में शिक्षक और शिष्य के मध्य जो आत्मिक संवाद था, वही शिक्षा का सच्चा स्वरूप है।

वहीं प्रोफेसर रमाकांत सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा वेद और उपनिषदों से लेकर आधुनिक भारतीय चिंतन तक, हमारी ज्ञान परंपरा ने सदैव मनुष्य को 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से जोड़ा है। यह परंपरा न केवल भारत की, बल्कि विश्व मानवता की धरोहर है। इस आयोजन में संयोजक डॉ. नंद कुमार पटेल, सह संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल एवं डॉ. सिद्धू सिंह तथा आयोजन सचिव डॉ. सचिन गोयल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस राष्ट्रीय वेबिनार में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार एवं मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने वर्चुअल रूप से सहभागिता की तथाभारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर अपने शोध पत्रों का वाचन किया।

विधायक ने नप गुनौर के नवीन भवन निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन एवं वितरित की साइकिलें

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने शनिवार को नगर परिषद गुनौर के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। नगरीय निकाय के भवन निर्माण के लिए एक करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

नगर परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुए कार्यक्रम में उपाध्यक्ष चंदन नाथ सपेरा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित निकाय के अधिकारी-कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक ने कहा कि गुणवत्ता के साथ नियत समय सीमा में भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाएगा। नगरवासियों को स्वयं का नया निकाय भवन मिलने से कार्य में सहूलियत होगी। यहां नागरिकों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। विधानसभा क्षेत्र में निरंतर जनहितैषी विकास कार्य कराए जाएंगे। विधायक डॉ. वर्मा ने शासकीय पीएम श्री उ.मा. विद्यालय सलेहा एवं शासकीय उ.मा. विद्यालय पटना तमोली पहुंचकर विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण भी किया। छात्र-छात्राओं से संवाद कर पढ़ाई एवं अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों के संबंध में चर्चा की और समस्याएं भी सुनीं।

विधायक ने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर सुचारू रूप से अध्ययन जारी रखने की सीख दी। साइकिल वितरण के कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य एवं शिक्षक तथा अभिभावकगण भी उपस्थित रहे।

विभिन्न थानों में पुलिस ने राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा के तहत किए जनजागरुकता कार्यक्रम

अक्टूबर -2025 को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाने के निर्देश जारी

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। भारत सरकार के गृह मंत्रालय अंतर्गत इंडियन सायबर क्राइम क्वार्डिनेशन सेंटर नई दिल्ली द्वारा अक्टूबर माह 2025 को राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाए जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

उक्त निर्देशों के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में सायबर अपराधों की रोकथाम तथा नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वृहद स्तर पर सायबर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 10अक्टूबर 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सायबर सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कन्या स्कूल मनहर में उप निरीक्षक मनोरमा मौर्य द्वारा छात्राओं को सायबर अपराधों की जानकारी दी गई एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग हेतु सुझाव दिए गए।

थाना मडला:- हाई स्कूल मडला में छात्रों एवं शिक्षकों को सायबर अपराधों से सतर्क रहने की शपथ दिलाई गई तथा सामान्य ऑनलाइन ठगी, फिशिंग कॉल एवं ओटीपी धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए गए।

थाना गुनौर:- ग्राम स्तर पर चौपाल लगाकर ग्रामीणों को सायबर अपराधों की रोकथाम संबंधी जागरूकता दी गई एवं प्रमुख स्थानों पर सायबर सुरक्षा पोस्टर व वॉलेट कार्ड चस्पा किए गए। कार्यक्रमों के दौरान पुलिस अधिकारियों ने पोस्टर, बैनर, पंपलेट के माध्यम से नागरिकों को सायबर सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियाँ प्रदान कीं। साथ ही सतर्क नागरिक दृ सुरक्षित समाज का संदेश देते हुए नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों को ऑनलाइन लेनदेन, सोशल मीडिया एवं इंटरनेट उपयोग के दौरान सावधानी बरतने हेतु जागरूक करें, ताकि सभी मिलकर डिजिटल रूप से सुरक्षित भारत के निर्माण में सहयोगी बन सकें।

सिंहपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पन्ना 11 अक्टूबर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को शासकीय माध्यमिक शाला सिंहपुर में मिशन शक्ति हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के जरिए समाज में जागरूकता लाना है।

शहर के कुछ वार्डों में गंदा एवं गंध युक्त पानी हो रहा सप्लाई

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। शहर के कुछ मोहल्लों में बीते कुछ दिनों से गंदे पानी की सप्लाई की हो रही है, जिससे कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी की वजह से संक्रमण फैलने और लोगों के बीमार होने का भी डर बना हुआ है।

नगर पालिका के जिम्मेदार जानकारी होने के बाद भी चुप्पी साधे हुए हैं। शहर के गुल्लाईची मोहल्ला वार्ड -14, रजाबाबू कॉलोनी वार्ड 14, वार्ड क्रमांक-एक इंद्रपुरी कॉलोनी, बड़ा जैन मंदिर के आसपास, जगात चौकी में बीते चार दिन से गंदे पानी की सप्लाई हो रहा है। गंदे पानी की आपूर्ति से लोग परेशान हैं। लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। बड़े जैन मंदिर के पास रहने वाले सत्यम शर्मा ने बताया, उनके क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। गंदे पानी की सप्लाई के कारण बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। कई बार जलप्रदाय विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई लेकिन फिर भी नलों से गंदा पानी मिल रहा है।

गंदा पानी पीने को मजबूर लोग:- शहर के आधा दर्जन से ज्यादा क्षेत्र में जहां पुरानी पाइप लाइन से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, वहां सबसे ज्यादा परेशानी है। लोगों के पास पेयजल के लिए दूसरा कोई विकल्प ही मौजूद नहीं है। ऐसे में लोग लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। रहवासियों ने कहा, पेयजल की समस्या का जल्द समाधान किया जाए और पीने के लिए शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाए।

देवरी बीट में वन भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास विफल

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। दक्षिण पन्ना वनमंडल के पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत बीट देवरी में वन भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण के प्रयास को वन विभाग की त्वरित कार्यवाही से विफल किया गया।

क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा खेती करने एवं बाड़ लगाने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे समय रहते रोक दिया गया। अतिक्रमण विफल करने के उपरांत वन भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अतिक्रमण-रोधी खंती खुदवाई गई, ताकि भविष्य में पुन: अतिक्रमण की संभावना न रहे। इस कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक भारती कुमार, वनरक्षक सचेंद्र मोहन, गायत्री सिंह, सरोज सिंह, अनुराग पांडे, शिवम पांडे एवं सुरक्षा श्रमिकों का सराहनीय योगदान रहा।

तीन साल मे उखड़ गई सीसी रोड, ग्रामीण बोले जिम्मेदारों पर हो कार्यवाही

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। शाहनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसवारा और लुधगवां में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग की ओर से बनवाई गई सीसी रोड तीन साल भी नहीं चल पाई। रोड उखड़ गई है। अब आवाजाही में परेशानी हो रही है।

सड़क की बदहाली से नाराज ग्रामीणों ने कहा, घटिया निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। ग्रामीणों कहा, बरसात के मौसम में हालात बदतर हो गए हैं। सीसी रोड उखड़ जाने से कीचड़ हो रहा है। जगह-जगह गड्ढों में पानी भरने से मच्छर पनप रहे हैं। डेंगू, मलेरिया का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया था, जिसकी वजह से आज यह हालत हुई है। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग की इस अनदेखी और लापरवाही से ग्रामीणों में नाराजगी है।

यातायात पुलिस ने मनहर कन्या की छात्राओं को ट्रैफिक सिग्नल का भ्रमण कराया जाकर यातायात नियमों की दी जानकारी

नवभारत न्यूज

पन्ना 11 अक्टूबर। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह चौहान के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात नीलम लक्षकार ने मनहर कन्या शासकीय हाई स्कूल पन्ना की छात्राओं को यशतायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए छात्राओं ट्राफिक सिग्नल पार्क का भ्रमण कराया।

जिसमें सड़क किनारे लगने वाले सांकेतिक चिन्हों, रोड साईन (आदेशात्मक, चेतावनी एवं सूचनात्मक),यातायात पुलिस द्वारा दिए जाने वाले सिग्नल, चौराहो पर लगे इलेक्ट्रानिक सिग्नल व उनके मीनिंग के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की वर्तमान स्थिति एवं कारणों के विषय में बताया गया जिसमें बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोत्तरी का प्रमुख कारण तेजगति गति से वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन चालन,उचित ब्रेकिंग डिस्टेन्स न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाना, ओवरलोडिंग वाहन एवं खराब सड़के रोड एक्सीडेन्ट के लिए जिम्मेदार हैं इनसे बचने के लिए यातायात नियमों का पालन कर निर्धारित गति में वाहन चालन, हेलमेट, सीटबेल्ट जैसे इक्युमेण्ट का उपयोग करना चाहिए। सड़क दुर्घटना में पीडित व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पहुचाना चाहिए ताकि उसकी जान बच सके इसके लिए बच्चों को राहवीर योजना के बारे में भी बताया गया कि पीडित व्यक्ति की मदद करने पर शासन द्वारा 25000 रूपये का ईनाम भी दिया जाता है। बच्चो को राइट आफवे के विषय में भी बताया गया। सड़क पर चलते समय हमें पहले आपातकालीन सेवाओ में संलग्न वाहनों जैसे एम्बुलेंस, फायरब्रिगेड को पहले जाने के लिए रास्ता देना चाहिए अगले क्रम में दिव्यांग व्यक्ति, पैदल व्यक्ति साइकिल चालक को पहले निकलने के लिए रास्ता देना चाहिए आदि विषय के साथ साथ एक्सीडेंट के कारण, बचाव हेतु सावधानियाँ,राइट आफवे, एमरजेंसी केयर व साइकिल चलाते समय कौन-कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए आदि विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गयी, इसके अलावा शहर के प्रमुख चौराहों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे की बस स्टेण्ड, बडा बाजार आदि पर राहवीर योजना के प्रचार प्रसार अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा बैनर लगाये जाकर पंपलेट वितरित कर आमजन को राहवीर योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।